# University in News on 24 March 2020

## AMAR UJALA

### छात्रों के लिए अपलोड किया ई-कंटेंट

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए ई-कंटेंट अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शिक्षकों को ई-कंटेंट अपलोड करने का निर्देश दिया था। कई शिक्षकों ने यू-ट्यूब और वाट्सएप के माध्यम से को क्लास देनी शुरू कर दी है।

## iNext

# एलयू बंद है तो क्या हुआ, नेट तो चालू है..

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT

**डॉ. किरणलता डंगवाल हर ऑनलाइन टूल से ले रहीं स्टूडेंट्स की क्लास**

**वीसी ने सभी विभागों को ई-कंटेंट तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड कराने को कहा**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (23 March):** कोरोना वायरस के चलते रुक गई शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए शिक्षक हर तरह के टूल का यूज कर रहे हैं. इसी कड़ी में लखनऊ यूनिवर्सिटी के एजुकेशन डिपार्टमेंट की एक प्रोफेसर ने स्टूडेंट्स का सिलेबस पूरा कराने के लिए गूगल पर मौजूद टूल का बेहतरीन प्रयोग किया है. वे इस टूल से अपने स्टूडेंट्स का कोर्स पूरा करा रही हैं. उनका यह काम दूसरे शिक्षकों को भी प्रेरणा देने का काम कर रहा है.

### बना लिया गूगल क्लास रूम

एजुकेशन डिपार्टमेंट की डॉ. किरणलता डंगवाल ने अपने अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट के स्टूडेंट्स को पढ़ाने के लिए गूगल क्लास रूम क्रिएट किया है. उन्होंने व्हाट्सअप ग्रुप पर स्टूडेंट्स की समस्याओं का समाधान करके उसे यू-ट्यूब पर अपलोड करना शुरू कर दिया है. उन्होंने अपने लेक्चर स्वयंप्रभा पोर्टल पर भी अपलोड करना शुरू कर दिया है, ताकि स्टूडेंट्स को कोई परेशानी न हो. वहीं उन्होंने एक ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की है, जिसमें स्टूडेंट अपने क्लास टाइम पर उनसे सवाल-जवाब कर सकता है. डॉ. डंगवाल ने बताया कि स्टूडेंट्स का नुकसान न हो इसलिए वे डिजिटल मोड के हर साधन का यूज कर स्टूडेंट्स की क्लास ले रही हूं.

**एलयू की डॉ. किरणलता दूसरे शिक्षकों को भी दे रही हैं प्रेरणा.**



गूगल पर मौजूद टूल्स से पढ़ा रहीं स्टूडेंट्स को.

### कोर्स पूरा करना है चुनौती

एलयू में यूजी और पीजी दोनों में सेमेस्टर सिस्टम लागू है. पूरा मार्च कोरोना के चलते छुट्टियों में बीत रहा है. ऐसे में स्टूडेंट्स का कोर्स पूरा करना बड़ी चुनौती बन गया है. यूनिवर्सिटी हद से हद तक जून लास्ट तक सेमेस्टर एग्जाम टाल सकती है. स्टूडेंट्स का नुकसान न हो इसके लिए कई टीचरों ने ऑनलाइन मोड से सिलेबस पूरा कराना शुरू कर दिया है.

### वीसी ने सभी प्रोफेसरों से मांगा ई-कंटेंट

कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी प्रोफेसरों से बोल दिया है कि वे अपने-अपने सिलेबस का ई-कंटेंट बनाकर दें. इस कंटेंट को वेबसाइट पर डाला जाएगा. कई प्रोफेसरों ने अपना कंटेंट ऑनलाइन उपलब्ध कराना भी शुरू कर दिया है.